समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# जयपुर नगर निगम हेरिटेज की साधारण सभा की बैठक आयोजित, शहर विकास और सफाई को लेकर लिए गए कई अहम निर्णय।

Publisher

Published on 28 May 2025



## मेयर कुसुम यादव की अध्यक्षता मे हुंई बैठक, सांसद मंजू शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी।

सवांदाता,जयपुर,राजस्थान

**जयपुर,राजस्थान :** जयपुर नगर निगम **हेरिटेज की साधारण सभा की बैठक** मंगलवार को निगम मुख्यालय में आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता **नगर निगम हेरिटेज की मेयर श्रीमती कुसुम यादव** ने की। बैठक में शहर के **समग्र विकास, सफाई व्यवस्था** और **नागरिक सुविधाओं** को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पारित किया गया।

**किस-किस ने लिया हिस्सा ?**

बैठक में **जयपुर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक श्री गोपाल शर्मा, हवा महल विधायक बालमुकुंद आचार्य,** नगर निगम के **चेयरमैन, पार्षदगण** और **वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी** उपस्थित रहे।

**प्रमुख मुद्दे जिन पर चर्चा हुई :**

1.शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश

**मेयर कुसुम यादव** ने कहा कि साफ-सफाई शहर की पहली प्राथमिकता है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे फील्ड में नियमित निरीक्षण और प्रभावी मॉनिटरिंग करें।

**2.कचरा प्रबंधन मे सुंधार**

कचरा उठाने, कचरा पात्रों की स्थिति और कचरे के निस्तारण को लेकर चर्चा हुई। पार्षदों ने सुझाव दिए कि आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए।

3.**पेयजल और सीवरेज व्यवस्था**

कई पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड में पेयजल और सीवरेज से जुड़ी समस्याएं रखीं। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे इन शिकायतों का शीघ्र समाधान करें।

4.**स्मार्ट सिटी के तहत विकास कार्यों की समीक्षा**

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई और उनसे जुड़े बजट प्रावधानों को लेकर पारदर्शिता की आवश्यकता पर बल दिया गया।

**मेयर कुसुम यादव** का बयान: "जयपुर को एक स्वच्छ, सुरक्षित और स्मार्ट शहर बनाना हमारा लक्ष्य है। हर पार्षद और अधिकारी को मिलकर टीमवर्क के साथ कार्य करना होगा ताकि जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकें।"

**आगे की योजना :**

१. हर **वार्ड मे संफाई निरीक्षण रजिस्टर की व्यवस्था**

२. **मासिक सफाई समीक्षा बैठके**

३. नागरिकों को जागरूक करने के लिए **जन अभियान**

४. **कचरा प्रबंधन के लिए नए PPP मॉडल पर विचार**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.